वी.यू. अंतर्गत पशु जैव प्रौद्योगिकी में 10 दिवसीय कार्यशाला का सफल समापन हुआ

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के पशु जैव प्रौद्योगिकी केंद्र में आज DST & SERB (Accelerate vigyan) पोषित 10 दिवसीय कार्यशाला टेकनोलॉजिकल एडवांसेज इन वेटरनरी डायग्नोस्टिक्स : लेबोरेटरी टु फील्ड का सफल समापन हुआ। समापन की अध्यक्षता नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. सीता प्रसाद तिवारी ने की। कार्यक्रम के आरम्भ डॉ. अजित प्रताप सिंह, संचालक, पशु जैव प्रौद्योगिकी केंद्र द्वारा, माननीय कुलपति डॉ. तिवारी, एवं कुलसचिव डॉ. श्रीकांत जोशी का स्वागत किया गया। स्वागतोपरांत, डॉ. तृप्ति जैन, सहायक प्राध्यापक, पशु जैव प्रोद्योगिक केंद्र द्वारा दस दिवसीय कार्यशाला में हुए समस्त प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी प्रदान की गई जिनमे DNA आइसोलेशन, RNA आइसोलेशन, के आलावा नवीन तकनीकें जैसे LAMP, RTPCR शामिल रहे। उक्त प्राशिक्षण में विश्वविद्यालय, NIRTH & ICMR एवं CCMB हैदराबाद जैसे राष्ट्रीय संस्थानों के विशिष्ट वैज्ञानिकों के अतिथि व्याख्यान भी हुए, जिनमे प्रशिक्षणार्थियों को भिन्न–भिन्न क्षेत्रों में होने वाले नए शोध व तकनीकों की जानकारी मिली। इसके उपरांत, डॉ. अजित प्रताप सिंह, संचालक, पशु जैव प्रौद्योगिकी केंद्र द्वारा समस्त कार्यशाला का विश्लेषण उद्‌बोधन दिया गया। कार्यक्रम के अगले भाग में कुलपति डॉ. एस.पी. तिवारी एवं अन्य अतिथियों ने समस्त प्रशिक्षणार्थीओं का उत्साहवर्धन करते हुए प्रमाणपत्र प्रदान किये। डॉ. तिवारी ने समस्त वैज्ञानिकों एवं छात्रों को उद्‌बोधन करते हुए विज्ञान को फील्ड तक ले जाने के महत्त्व को रेखांकित किया। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया की वे शोध व तकनीकों को फील्ड एवं पशुपालकों तक लेकर जाएं तथा नवीन तकनीकों में प्रशिक्षित होकर पशुधन कल्याण के लिए कार्य करें। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ वैज्ञानिकों एवं शिक्षकों की गरिमामई उपस्थिति रही जिससे आयोजन की सफलता पूर्ण हुई। कार्यक्रम में केंद्र के डॉ. बिकास रंजन प्रुस्ती (आयोजक) डॉ. कुश श्रीवास्तव, डॉ. राकेश शर्मा, एवं विद्यार्थियों में अंकुर, तान्या, पारुल, सोनल, प्रिया, पल्लवी इत्यादि की उपस्थिति रही।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर